ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (AUAB)

No: UA/2019/70 01.02.2019

परिपत्र (Circular)

प्रति
सभी महासचिव
AUAB.

AUAB की 01.02.2019 को मीटिंग सम्पन्न

आज दिनांक 01.02.2019 को 11:30 hrs. पर NFTE कार्यालय, नई दिल्ली में AUAB की मीटिंग सम्पन्न हुई। कॉम चंदेश्वर सिंह, चेयरमैन, AUAB, ने अध्यक्षता की।

मीटिंग में निम्नानुसार उपस्थिति रही।

BSNLEU:	Com. P. Abhimanyu, GS, BSNLEU & Convenor.
NFTE:	Com. Chandeswar Singh,GS, NFTE & Chairman and Com.Islam Ahmed, President.
SNEA:	Com. Sebastin, GS and Com. A.A. Khan, President.
AIBSNLEA:	Com. Prahlad Rai, GS and Com. S. Sivakumar, President.
AIGETOA :	Ravi Shil Verma,GS and Com Badri Kr Mehta, Vice President.
BSNL MS:	Com. Suresh Kumar, GS.
BSNL ATM:	Com. Rewati Prasad, AGS.
TEPU:	Com Rasheed Khan, AGS
BSNL OA:	Com.H.P. Singh, Dy.GS.

कॉम पी अभिमन्यु, कन्वेनर ने हाउस को AUAB की 25.01.2019 को हुई विगत मीटिंग के बाद हुई प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने AUAB की एडिशनल सेक्रेटरी (टेलीकॉम), CMD BSNL और डायरेक्टर (HR) के साथ हुई चर्चा का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। कॉम चंदेश्वर सिंह,GS/NFTE व चेयरमैन, कॉम सेबेस्टिन,GS/SNEA, कॉम प्रहलाद राय,GS/AIBSNLEA, जो कि नियतकालिक परस्पर चर्चा (Periodic Interaction) हेतु गठित कमिटी में स्टाफ साइड के प्रतिनिधि हैं, ने भी चर्चाओं में सहयोग किया। आज मीटिंग में मौजूद अन्य सभी कॉमरेड्स भी चर्चा में शामिल हुए। मीटिंग सर्वानुमति से इस निष्कर्ष पर पहुंची कि मांगपत्र पर कोई उल्लेखनीय प्रगति नही हुई है। अतः मीटिंग ने यह निर्णय लिया कि AUAB की विगत मीटिंग के निर्णय अनुसार DoT और BSNL मैनेजमेंट को 18.02.2019 से 3 दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया जाए। साथ ही, मीटिंग में बीएसएनएल के रिवाइवल से जुड़े कुछ और बेहद आवश्यक मुद्दे शामिल करने का निर्णय भी लिया गया। तीन दिवसीय हड़ताल का मांगपत्र निम्नानुसार है।

मांग पत्र (चार्टर ऑफ डिमांड्स)

(1) 15% फिटमेंट के साथ 3rd पे रिवीजन का निराकरण ।

(2) बीएसएनएल मैनेजमेंट द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार बीएसएनएल को 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन।

(3) माननीय संचार राज्य मंत्री द्वारा पेंशन रिवीजन को पे रिवीजन से पृथक करने के आश्वासन का क्रियान्वयन किया जाए। 01.01.2017 से बीएसएनएल रिटायरिज का पेंशन रिवीजन करें।

(4) गवर्नमेंट के नियम अनुसार बीएसएनएल द्वारा पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान।

(5) 2nd पे रिवीजन कमिटी के शेष मुद्दों का निराकरण।

(6) a) बीएसएनएल की भूमि प्रबंधन नीति (Land Management Policy) का बगैर देरी किए शीघ्र अनुमोदन।
b) बीएसएनएल की स्थापना के समय लिए गए निर्णय अनुसार नाम परिवर्तन (mutation) की और सभी संपत्ति (assets) बीएसएनएल को स्थानांतरित करने की कार्यवाही त्वरित पूर्ण की जाए।

(7) a)बीएसएनएल की स्थापना के समय ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार बीएसएनएल की वितीय जीवंतता सुनिश्चित करें।
b) बीएसएनएल के बैंक से ऋण लेने के लिए प्रस्ताव हेतु "लेटर ऑफ कम्फर्ट" जारी किया जाए।
c) बीएसएनएल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए।

(8) बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर्स का आउटसोर्सिंग के माध्यम से संचालन व रखरखाव का प्रस्ताव रद्द (Scrap) किया जाए।

मीटिंग ने सभी एग्जीक्यूटिव और नॉन एग्जीक्यूटिव साथियों को व्यापक रूप से हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया। यह भी निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों को हड़ताल हेतु संगठित करने और आम नागरिकों और राजनीतिक दलों का हड़ताल हेतु सहयोग प्राप्त करने के लिए निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

* **11.02.2019 से 5 दिन नुक्कड़ सभाओं का आयोजन।**
* **सर्किल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर प्रेस वार्ता का आयोजन।**
* **संघर्ष में सहयोग हेतु सभी राजनीतिक दलों से संपर्क।**
* **विभिन्न सर्कल्स में मीटिंग का आयोजन, जिसमें राष्ट्रीय लीडर्स उपस्थित होंगे।**

धन्यवाद।

भवदीय,

कॉम चंदेश्वर सिंह
चेयरमैन, AUAB

कॉम पी अभिमन्यु
कन्वेनर, AUAB